# उत्तर प्रदेश समसामयिकी

**25th May 2024**

## गंगा डॉल्फिन

- भारतीय वन्यजीव संस्थान के अनुसार, वर्तमान में गंगा और उसकी सहायक नदियों में लगभग 4,000 डॉल्फ़िन मौजूद हैं।
  - अनुमान के अनुसार **उत्तर प्रदेश में गंगा डॉल्फिन की संख्या 2,000 होने की उम्मीद है**, जो भारत में पाई जाने वाली कुल गंगा डॉल्फिन की संख्या के आधे से भी अधिक है।
  - उत्तर प्रदेश में गंगा डॉल्फिन के इस महत्व को देखते हुए यूपी सरकार ने नई पर्यटन नीति लागू की है और **चंबल अभयारण्य में डॉल्फ़िन अभयारण्य क्षेत्र घोषित** किया है।

**नोट:** द स्टेट्समैन की एक रिपोर्ट के अनुसार, नमामि गंगे मिशन के तहत गंगा को स्वच्छ और शुद्ध करने के अभूतपूर्व प्रयासों के कारण नदी में डॉल्फिन की आबादी में वृद्धि हुई है।

## राज्यों से महत्वपूर्ण समसामयिकी

| | | |
|---|---|---|
| **सिक्किम** | ❖ सिक्किम में 23 मई 2024 को **बुद्ध पूर्णिमा** के अवसर पर सागा दावा त्योहार मनाया गया।<br>❖ यह त्योहार उत्तरी बौद्ध कैलेंडर के चौथे महीने के 15वें दिन प्रतिवर्ष मनाया जाता है।<br>❖ सागा दावा को सबसे पवित्र बौद्ध त्योहार माना जाता है, जो **बुद्ध शाक्यमुनि के जन्म, ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण (निधन) की याद में** मनाया जाता है।<br>❖ इस दिन को **'ट्रिपल ब्लेस्ड अवसर'** के रूप में भी जाना जाता है। |  |

## चर्चित - व्यक्तित्व

| | | |
|---|---|---|
| **प्रीतिस्मिता भोई** | ❖ भारतीय भारोत्तोलक प्रीतिस्मिता भोई ने **40 किलो महिला भार वर्ग** में 133 किलोग्राम वजन उठाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है।<br>❖ 15 वर्षीय प्रीतिस्मिता भोई **क्लीन एंड जर्क विश्व रिकार्ड** के साथ खिताब जीतने वाली देश की पहली भारोत्तोलक बन गईं।<br>❖ उन्होंने लीमा (पेरू) में **विश्व युवा चैंपियनशिप** में महिलाओं की 40 किग्रा में अभूतपूर्व रूप से भारत को 1-2 स्थान दिलाया। |  |
| **जया बडिगा** | ❖ भारतीय मूल की अमेरिकी वकील जया बडिगा को अमेरिका के **कैलिफोर्निया में सैक्रामेंटो काउंटी सुपीरियर कोर्ट** में न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।<br>❖ बडिगा न्यायाधीश **राबर्ट एस. लाफम** की सेवानिवृत्ति के बाद खाली हुए पद पर नियुक्ति हुई है।<br>❖ बडिगा ने वर्ष 2020 में कैलिफोर्निया स्वास्थ्य देखभाल सेवा विभाग में भी काम किया हैं। |  |

| | | |
|---|---|---|
| | ❖ जया बडिगा का सम्बन्ध **आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा** से है। | |
| **मेधा पाटेकर** | ❖ हाल ही में दिल्ली की अदालत ने दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना द्वारा दायर मानहानि मामले में **नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता मेधा पाटकर** को दोषी ठहराया।<br>❖ दोषसिद्धि के परिणामस्वरूप पाटकर को दो साल तक की जेल की सजा, आर्थिक जुर्माना या दोनों दिया जा सकता है। |  |

## पुरस्कार

| | |
|---|---|
| **अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार**<br> | ❖ जर्मन लेखिका **जेनी एर्पेनबैक** और अनुवादक माइकल हॉफमैनने संयुक्त रूप से '**कैरोस**' पुस्तक के लिए अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार 2024 जीता।<br>❖ जेनी एर्पेनबैक द्वारा जर्मन भाषा में लिखित और माइकल हॉफमैन द्वारा अंग्रेजी में अनुवादित 'कैरोस' एक ऐसी पुस्तक है, जो **1980 के दशक में पूर्वी बर्लिन में मात्र 19 वर्ष की एक युवती और 50 वर्ष की आयु के एक विवाहित पुरुष के बीच की जटिल प्रेम कहानी पर आधारित है** ।<br>❖ जेनी एर्पेनबैक फिक्शन के लिए अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार जीतने वाली पहली जर्मन बनी है।<br>**अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार :**<br>❖ अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार की शुरुआत **2005** में मैन बुकर इंटरनेशनल पुरस्कार के रूप में हुई थी।<br>❖ यह एक वार्षिक पुरस्कार है जो किसी सर्वश्रेष्ठ कृति को दिया जाता है। जो किसी दूसरी भाषा में लिखी गई हो और अंग्रेजी में अनुवादित हो। |

## महत्वपूर्ण दिन/तारीख

| | | |
|---|---|---|
| **24 मई** | **नेशनल ब्रदर्स डे**<br><br> | ❖ नेशनल ब्रदर्स डे हर साल 24 मई को मनाया जाता है।<br>❖ अपने भाइयों के साथ साझा किए गए विशेष बंधन का सम्मान करने के लिए यह दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है।<br>❖ नेशनल ब्रदर्स डे की शुरुआत **2005** में हुई, जिसका श्रेय **अलबामा के सी. डेनियल रोड्स** को दिया जाता है। |

## संक्षिप्त समाचार

- हाल ही में **एयरबस हेलीकॉप्टर और भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी)** ने भारत में एयरबस के हेलीकॉप्टरों की खरीद के वित्तपोषण के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।
  - एमओयू के तहत, एयरबस हेलीकॉप्टर और सिडबी दोनों भारत में संभावित नागरिक हेलीकॉप्टर ऑपरेटरों की पहचान करेंगे जो हेलीकॉप्टर खरीदने के लिए वित्तपोषण समाधान में रुचि रखते हैं।
  - **एयरबस सिडबी को तकनीकी और हेलीकॉप्टर उद्योग का ज्ञान प्रदान करेगा**, जो इन संभावनाओं का मूल्यांकन करेगा और उन्हें एयरबस के लिए विशेष रूप से वित्तपोषित करेगा।

❍❍❍❍